# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने गोरखपुर के मानबेला में आयोजित एक कार्यक्रम में एक हजार चार सौ अट्ठानवे करोड़ रुपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें चार सौ अड़तीस करोड़ अड़तीस लाख सात हजार रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और एक हजार साठ करोड़ अन्ठानबे लाख तिरासी हजार रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर सम्मान अभियान के तहत गोरखपुर क्लब में आयोजित संगोष्ठी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश ने संविधान निर्माण के साथ ही वर्ष उन्नीस सौ बावन में अनुसूचित जाति जनजाति, अति पिछड़ी जाति और महिलाओं को मत देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहेब के कारण ही संभव हो सका। गोरखपुर के एक होटल में आयोजित संवाद से जुड़े कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बदले हुए वातावरण से पूर्वी उत्तर प्रदेश में आए बदलावों के बारे में भी चर्चा की।

**पचास वर्ष की इस यात्रा में गोरखपुर ने भी अब बहुत कुछ बदलाव देखा है। आज गोरखपुर को कोई बीमारी का अड्डा नहीं बोल सकता। आज कोई पूर्वी उत्तर प्रदेश से पलायन की बात नहीं कर सकता। आज कोई पूर्वी उत्तर प्रदेश में या गोरखपुर में यहां पर किसी बीमारी की चर्चा के लिए एक बदनाम जगह के रूप में नहीं दर्ज कर सकता। आज कोई यहां पर माफिया गैंग अव्यवस्था पैदा कर रहा है, इसके बारे में कोई गोरखपुर को या पूर्वी उत्तर प्रदेश को या उत्तर प्रदेश को बदनाम नहीं कर सकता।**

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में आज सुबह आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और करीब तीन सौ फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

**********

प्रदेश दौरे पर आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई खेल संस्कृति विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के खेलों के अनुकूल नीतियां अपनाने के कारण छोटे शहरों के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार वर्ष दो हजार छत्तीस में होने वाले ओलंपिक खेलों को देश में आयोजित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

**खेलों को हम लोग बहुत ही गंभीरतापूर्वक लेते हैं आज हमारी सरकार दो हजार छत्तीस ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। वहीं अन्य विश्वस्तरीय खेलों का भी आयोजन भारत में हो, इसका भी प्रयास हमारे यहां तेजी से चल रहा है।**

इस मौके पर रक्षा मंत्री ने खिलाड़ियों, पत्रकारों और सफाई कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

**********

अम्बेडकरनगर जिले में सैंतालिसवीं राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता कल से शुरू होगी। इसमें देश भर से इकतीस टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पहुंचीं टीमों का आज जिले में भव्य स्वागत किया गया। अम्बेडकरनगर के जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए जिले में खेलगांव बनाया गया है।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आज सुबह संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन दो हजार पचीस के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, कुल चौबीस विद्यार्थियों ने सौ का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**********

प्रदेश के अलग अलग जिलों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में पिछले चौबीस घंटों में करीब दस लोगों को मौत हो गई, जबकि लगभग डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गये। फतेहपुर जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र में आज सुबह सुजानीपुर मोड़ के पास एक खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार कार टकरा गई, जिसमें प्रयागराज जा रहे कार सवार चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हैं। जौनपुर जिले में कल देर रात केराकत जौनपुर मार्ग पर एक अनियंत्रित गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर तौर पर घायल हो गया। इटावा जिले के सहसो थाना क्षेत्र में फूप चौरेला मार्ग पर कल शाम दो बाइकों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इस दुखद हादसे में घायल दो अन्य लोगों का इलाज जारी है। वहीं, रायबरेली जिले के मिल एरिया थानाक्षेत्र में अमेठी रायबरेली मार्ग पर बारातियों से भरी कार को एक डम्पर नें टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और दर्जनभर से अधिक लोग घायल हैं।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने कल के बाद प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में कल भी कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा की संभावना है। विभाग ने बताया है कि आज और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर तेज झोंकेदार हवा चलने के साथ वज्रपात भी हो सकता है। इस बीच, आज सुबह गोरखपुर और अम्बेडकरनगर समेत आसपास के कई जिलों में हुई बूंदाबांदी और बारिश से गर्मी से थोड़े देर के लिए लोगों को राहत मिल गई, हांलाकि दिन में लोगों ने तेज धूप का सामना भी किया।

**********